प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 19.02.2025

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की धनराशि को कराया गया वापस।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता को आयुष्मान कार्ड बनाने का झांसा देकर आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ₹ 13,000 की धोखाधड़ी की गयी।**
- **शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 13,000 को कराया गया वापस।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री रामप्रसाद पुत्र स्व0 लल्ला निवासी पाण्डेय हार औनहाँ थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के खाते से दिनांक 09.01.2025 को साइबर अपराधी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने का झांसा देकर आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ₹ 10,000 व उनकी पत्नी के खाते से ₹ 3000 कुल ₹ 13,000 धोखाधड़ी कर निकाल लिये गये। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर ऑनलाइन शिकायत की गयी, जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना शिवली साइबर सेल हेल्प डेस्क द्वारा शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 13,000 उनके खाते में वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 13,000

धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. म0हे0का0 किरण